# अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई

परीक्षा सत्र : अप्रैल-मई - 2021

**परीक्षा का नाम :** विशारद पूर्ण

**विषय : कथक नृत्य (प्रथम प्रश्नपत्र)**

दि. 10/10/2021 समय : सुबह 9 से 12 कुल अंक : 75

सूचनाएँ : (१) प्रश्न क्र. एक अनिवार्य है।
(२) प्रश्न क्र. दो से प्रश्न क्र. सात में से दो कोई चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

---

प्र. 1. लिपिबध्द कीजिए (कोई तीन)। :- (3 x 5 = 15)

(अ) ताल शिखर में एक प्रिमेलू/परमेलू।

(ब) ताल धमार में एक फरमाईश चक्रदार परण।

(क) ताल झपताल में एक नटवरी तोडा (जो तीन आवृत्ति से कम न हो)।

(ड) ताल छोटी सवारी में चक्रदार परण।

(इ) ताल तीनताल में तिपल्ली।

प्र. 2. संक्षेप में समझाइए (कोई तीन)। :- (3 x 5 = 15)

(1) गतनिकास, गत्पल्टा और गतभाव —— परिभाषा, उदाहरण और इनका एक दूजे से संबंध।

(2) मोहिनीअट्टम् नृत्य की व्याख्या, वाद्य और वस्त्र की जानकारी।

(3) अष्टनायिका क्या है ? सभी के सिर्फ नाम लिखें (आठ)।

(4) 'तराना' की जानकारी दें।

(5) विष्णुवंदना या शिववंदना का पूरा श्लोक लिखकर उसका अर्थ समझाइए।

प्र. 3. नवरसों की पूर्ण जानकारी दें। उनमें से करूण और अद्‌भुत रस उदाहरणसहित लिखें। ( 15)

प्र. 4. आप के अभ्यास में 'रामायण' में से कौनसे प्रसंग पर आप गतभाव पेश करती है? उस प्रसंग का वर्णन करें। (15)

प्र. 5. सिर्फ नाम लिखें (कोई तीन)। :- (3 x 5 = 15)

(1) अभिनय दर्पण ग्रंथ के अनुसार संयुक्त हस्तमुद्राओं के नाम। (क्रमनुसार)

(2) मध्ययुगीन ग्रंथ के नाम तथा उनके लेखक (कोई पांच)।

(3) शिरोभेद में से कोई पॉच लिखें। (अभिनय – दर्पणनुसार)।

(4) धर्म – भेद और आयु विचारनुसार नायिकाओं के नाम।

प्र. 6. (अ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। :- (10)

(1) ताल शब्द की उत्पत्ति ..................... धातू से और लय शब्द की उत्पत्ति ..................... धातू से हुई है।

(2) स्वकीया नायिका के ..................... और ..................... भेद बताया गए है।

(3) बटु नृत्य ..................... नृत्यशैली के प्रस्तुति का एक भाग है।

(4) असंयुक्त हस्तमुद्राओं की संख्या नाट्यशास्त्र ग्रंथ में ..................... और अभिनय दर्पण ग्रंथ में ..................... बतायी गयी है।

(5) शृंगार रस के ..................... और ..................... प्रकार है।

(6) व्यभिचारी भावों को ..................... नाम से भी जाना जाता है।

(ब) नीचे दी गयी नायिका कौनसी है ? उसका पूरा वर्णन करें। :- (कोई एक) (5)

(1) रतिगृह पूरी तरह से सजा के नायक का इंतजार करनेवाली।

(2) नायक पे शक कर के उससे झगड के बाद में पछतानेवाली।

प्र. 7. (अ) प्राचीन नृत्यसंबंधि घटनाओं की जानकारी दें। (15)

OR

'महाभारत' और 'गीतगोविंद' इनकी जानकारी दें।